<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–08 फरवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत–अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क को बताया सुखद। कहा– मेक इन इण्डिया को मजबूती देगा यह समझौता।
- प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र कल से। ग्यारह फरवरी को पेश होगा बजट। सोलह से बीस फरवरी तक बजट पर होगी विस्तृत चर्चा।
- बसपा प्रमुख मायावती ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक। संगठन और चुनावी रणनीति पर किया मंथन।
- लखनऊ में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में भाग ले रहे हैं तेरह जिलों के अभ्यर्थी। विभिन्न संवर्ग में आयोजित की जा रही भर्ती परीक्षा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क को सुखद खबर बताया है। उन्होंने भारत और अमरीका के बीच संबंधों की प्रगाढता के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह फ्रेमवर्क भारत–अमरीका साझेदारी की गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह भारत के मेहनती किसानों, उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप नवप्रवर्तकों, मछुआरों और अन्य लोगों के लिए नए अवसर खोलकर 'मेक इन इंडिया' को मजबूती देगा। श्री मोदी ने कहा कि इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होगें।

**********

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया है कि भारतीय निर्यातों के लिए भारत–अमरीका अंतरिम व्यापार समझौते के अन्तर्गत 50 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क को अब घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। नई दिल्ली में भारत–अमरीका के संयुक्त बयान पर मीडिया से बातचीत में श्री गोयल ने कहा कि यह समझौता देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र की रक्षा करता है। इस समझौते के अन्तर्गत कृषि उत्पादों पर अमरीका में कोई शुल्क नहीं लगेगा। इसके साथ ही रत्न और आभूषणों के साथ–साथ फार्मा, कॉफी और अन्य कई वस्तुएं अमरीका को शुल्क मुक्त निर्यात की जायेंगी।

***भारत के साथ अपने संबंधों को और मजबूत बनाने के दृष्टिकोण से जो बाइलाइकल ट्रेन एग्रीमेंट का पहला अंश तय किया है उसके तहत पचास प्रतिशत की जो रजीब्रोकल टैरिफ भारत के निर्यात के ऊपर अमेरिका में लगती थी वो अब पचास प्रतिशत से घटकर मात्र 18 प्रतिशत लगेगी। कई ऐसे वस्तुवें जिसके ऊपर अब शून्य ड्यूटी लगेगी जब हमारे निर्यातक अमेरिका में समान भेजेंगे। चेम और डाइमेंडपूरी तरीके से शुन्य ड्यूटी लगेगी। फार्मसूटिकल प्रोडक्ट्स जो भारत से दवाईया बड़े रूप में जाती हैं लगबग 13 बिलियन डौलर की उस पे शून्य ड्यूटी लगेगी। स्मार्ट फोन्स जो भारत से बड़े रूप में अमेरिका जाते हैं उस में आगे भी चलकर शून्य ड्यूटी ही लगी रहेगी। इस प्रकार से ढेर सारी ऐसी वस्तु हैं जिन पर आगे चलकर शून्य ड्यूटी लगेगी।***

वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में सरकार का उद्देश्य भारत–अमरीका के द्विपक्षीय व्यापार को 45 लाख करोड रुपये तक पहुंचाना है।

**********

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत–अमरीका अंतरिम व्यापार समझौते की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को पूर्ण संरक्षण प्राप्त होगा। श्री सिंह ने कहा कि किसानों का हित सर्वोपरि है।

***हमारे सारे उत्पाद जो हमारे किसान पैदा करते हैं वो पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उलटे निर्यात के लिए हमको बाजार मिलेगा। हमारा बासमती चावल अमरीका में धूम मचाएगा। अठारह परसेंट उस पर टैरिफ घटकर हो गया है। हमारे मसाले जाएंगे, हमारे टैक्सटाइल अगर जाएगा तो कपास के किसानों को फायदा होगा।***

**********

प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र कल से शुरू होगा और बीस फरवरी तक चलेगा। सत्र के दौरान ग्यारह फरवरी को प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट विधानमंडल के दोनों सदनों में पेश करेगी। सत्र की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी जिसमें दोनों सदनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे। इसी दिन सरकार की ओर से कुछ अध्यादेश और विधेयक भी सदन के पटल पर रखे जाएंगे। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू होगी जो 13 फरवरी तक चलेगी।

14 फरवरी शनिवार और 15 फरवरी रविवार को अवकाश रहेगा। 16 फरवरी से 20 फरवरी तक बजट पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सदन के

सुचारू व सुरक्षित संचालन के लिए सुरक्षा प्रबंधों और सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए  हैं। श्री महाना ने विधान भवन परिसर में सदस्यों के आवामगन प्रभावी सुरक्षा जांच तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की।

**********

बसपा प्रमुख मायावती ने कल लखनऊ में पार्टी कार्यालय में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में संगठन और चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। मायावती ने कहा कि एसआईआर की वजह से प्रदेश में पार्टी के काम प्रभावित हुए है, अब उन कार्यो को पूरा किया जायेगा।

***इस बैठक में खासकर पार्टी संगठन के कार्यों की, व सर्व समाज में पार्टी के जनधार को बढ़ाने के लिए दिए गए कार्यों की तथा पार्टी की हर वर्ष कि सालाना गतिविधियों को चलाने के लिए पार्टी के आर्थिक मदद हेतु दिए गए कार्यों की भी विस्तार से चर्चा की जायेगी। हालांकि इस दौरान पिछले कुछ महीनों से जहाँ बोटों के एसआईआर का कार्य होने की वजह से पार्टी के अधिकांस कार्य काफी प्रभावित व विलंब हो गए हैं। उन्हें अब जल्द ही पूरा करने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे।***

**********

लखनऊ में छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में सेना में अग्निवीर भर्ती के लिये आयोजित रैली में 13 जिलों के अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में कल अग्निवीर–क्लर्क और स्टोर कीपर टेक्निकल पद के लिये भर्ती परीक्षा हुई। इसके लिये 13 जिलों से एक हजार 103 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिसमें से 874 अभ्यर्थियों ने इस भर्ती रैली में हिस्सा लिया। आज अग्निवीर तकनीकी श्रेणी के लिये भर्ती आयोजित की जायेगी। भर्ती रैली में औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोण्डा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ से लगभग 13 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

**********

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कल वाराणसी में केन्द्रीय बजट को लेकर पत्रकार वार्ता की। इस दौरान संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बजट में वाराणसी के लिये रेलवे के हाईस्पीड कॉरिडोर निर्माण की घोषणा की गई है, इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि विकास की गति भी तेज होगी। श्री पासवान ने कहा कि जीवन रक्षक दवाओं को सस्ता करने के साथ इस बजट में मध्यम वर्ग को राहत दी गई है।

***सरकार ने देश को आधुनिक बनाने के लिये टव्लव प्वाइन्ट टू लाख करोड़ कैप्टल इस्पटीचर करीब तिरपन लाख करोड़  का ऐतिहासिक बजट इस देश को देने का काम किया है। मध्यम वर्ग को राहत, विदेश में पढ़ने जाने वाले बच्चों और इलाज कराने वालों के लिये जो थीसियस सर्विस पांच परसेंट था उसको दो परसेंट बना दिया गया। इससे इच्छुक लोग होंगे जो बच्चे बाहर पढ़ने जाते है, उनको आर्थिक भार कम पड़ेगा।***

मेरठ में केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने प्रेसवार्ता कर बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत बनाने में मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करेगा।

***2047 का जो विकसित भारत का संकल्प मोदी सरकार है, उसके मार्ग को प्रशस्त करने वाला येबजट है और ये ग्रोथ ओरियंटिट बजट है। इसमें जोपब्लिक केपेक्स है उसको बढ़ाने के लिए और वीनिमाल मैन्यूफैक्चिरिंग को गति देने वाला येबज़ट है। इस बज़ट मेंअगले 25 साल का वीजन है।***

केन्द्रीय बजट–2026 को लेकर केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ0 वीरेन्द्र कुमार ने आगरा में, केन्द्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने गोरखपुर में और प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने अम्बेडकर नगर में प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

**********

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में जोर–शोर से तैयारी चल रही है। वाराणसी में इसे लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वहां पर्व की तैयारियों के सम्बन्ध में कल एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों का चिन्हांकन किया गया। मण्डलायुक्त और पुलिस आयुक्त की मौजूदगी में हुयी बैठक में सभी सम्बन्धित विभाग को तैयारियों से जुड़े आवश्यक निर्देश जारी किये गये। बैठक में काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिये सुरक्षित और सुव्यवस्थित दर्शन उपलब्ध कराने को लेकर प्रतिबद्धता जतायी गयी।

**********